# बाबू बालमुकुन्दगुप्त जन्मशती

अमृत 13.7.65

इलाहाबाद, १२ जुलाई। जनपद हिन्दी साहित्य सम्मेलन इलाहाबाद के अध्यक्ष तथा उ.प्र. हिन्दी साहित्य सम्मेलनके संयुक्तमंत्री श्रीराजकुमार शर्माने बाबू बालमुकुन्द गुप्त जन्मशती समारोहके सिलसिलेमें सक्रिय योगदान करनेका संकल्प दोहराते हुए बाबू बालमुकुन्द गुप्त जन्मशती समारोह समितिके अध्यक्ष पंडित पदमकांत मालवीयको लिखा है कि सम्मेलन इस पुनीत कार्यमें पूरी तरह शरीकरहेगा। श्री शर्माने हिन्दी तथा उर्दूके सभी प्रेमियोंसे इसमें सहयोग करनेकी अपील की है।

"अन्जुमन पयामे अदब" के संयोजक डा. शौकत बनारसी, "अंकुर" के अध्यक्ष श्री शिवमूर्ति चतुर्वेदी, अभिनव कला निकेतनकी अध्यक्षा श्रीमती सरोज शर्माने भी अपनी संस्थाओंकी ओरसे इस समारोहमें सम्मिलित होने एवं सक्रिय योगदान करनेका संकल्प किया है।

नगरके पत्रकारोंकी ओरसे पत्रकार शिरोमणि बाबू बालमुकुन्द गुप्तके जन्मशती समारोहके अवसरपर विशेष आयोजन किया जायगा।

XV/13

राष्ट्रीय अभिलेखागार
National Archives of India